परिणाम में देरी से प्रभावित होगा अकादमिक कैलेंडर

सीयूईटी : 15 जुलाई तक या उसके बाद रिजल्ट जारी हो सकते हैं

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में सीयूईटी यूजी परीक्षा परिणाम अब तक जारी नहीं होने से दाखिला प्रक्रिया शुरु होने में देरी की संभावना बन रही है। इस कारण से अकादमिक कैलेंडर भी प्रभावित होगा। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि 15 जुलाई तक या उसके बाद सीयूईटी के रिजल्ट जारी किए जा सकते हैं। डीयू प्रशासन उसके बाद ही कोर्स व कॉलेज प्राथमिकताओं का चयन करने के लिए दाखिले का दूसरा राउंड शुरु करेगा।

मालूम हो कि डीयू के स्नातक कोर्सेज में दाखिला सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) के माध्यम से ही होने हैं। यदि 15 जुलाई तक सीयूईटी का रिजल्ट आता है तो जुलाई के अंतिम सप्ताह से ही दाखिला प्रक्रिया शुरु हो पाएगी। यदि उसके बाद जारी होता है तो दाखिला प्रक्रिया शुरु होने में देरी होगी और इसका असर शैक्षणिक सत्र शुरु होने पर पड़ेगा। अभी डीयू ने 16 अगस्त से नया सेशन शुरु करने की तैयारी की है। यह सत्र उन्हीं छात्रों के साथ शुरु होगा जिनका दाखिला तब तक हो जाएगा।

जुलाई के अंतिम सप्ताह तक दाखिला प्रक्रिया शुरु होने पर इसके सितंबर तक चलने की संभावना है। वहीं सीयूईटी का रिजल्ट जारी नहीं होने से छात्र भी संशय में हैं। छात्रों की ऐसी परेशानी को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट यूजी के परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग की है। एबीवीपी का कहना है कि परीक्षा परिणाम में देरी होने के कारण अकादमिक कैलेंडर प्रभावित होगा। डीयू समेत कई विश्वविद्यालयों में पहले से ही विलंब से चल रहे अकादमिक सत्र और अधिक प्रभावित हो सकते हैं। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि सीयूईटी-यूजी के माध्यम से केन्द्रीय विश्वविद्यालयों सहित बड़ी संख्या में अन्य विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में प्रवेश होंगे। ऐसे में आवश्यक है कि समय से सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित किए जाएं।

एबीवीपी ने की सीयूईटी यूजी के परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करने की मांग

प्राचार्यों ने सीखे छात्रों को अच्छी शिक्षा देने के गुर

ट्रेनिंग लेकर लौटे प्रिंसिपलों से सीएम ने किया संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। आईआईएम अहमदाबाद से लीडरशिप व अच्छी शिक्षा के गुर सीखने का प्रशिक्षण लेने के लिए भेजे गए दिल्ली नगर निगम के स्कूलों के प्रिंसिपल लौट आए हैं। सात दिवसीय ट्रेनिंग लेकर लौटे एमसीडी स्कूलों के 50 प्रिंसिपलों से बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने संवाद किया। आईआईएम में प्रिंसिपलों को लीडरशीप, बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और अभिभावकों को भागीदार बनाने समेत कई महत्वपूर्ण टिप्स सीखने का अवसर मिला। शिक्षकों ने वहां मिले अपने अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया।

प्रिंसिपलों के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह ही हम एमसीडी के स्कूलों को भी शानदार बनाएंगे। अब इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है। शिक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए हम लोगों ने एमसीडी स्कूलों के प्रिंसिपल को भी ट्रेनिंग के लिए भेजा। आईआईएम से लौटे प्रिंसिपलों के चेहरे पर जो जोश है, वही हमारी सबसे बड़ी जीत है। अभी तक सभी स्कूल अलग-अलग काम कर रहे थे, लेकिन अब एक परिवार बन जाएंगे और सभी एक मिशन के लिए काम करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि अब यह प्रिंसिपल अपने स्कूल में जो काम करेंगे, वह चारों तरफ फैलेगा। उन्होंने प्रिंसिपलों को संबोधित करते हुए दिल्ली की शिक्षा प्रणाली को दुनिया की सबसे बेहतरीन प्रणाली बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे प्रिंसिपल-शिक्षक दुनिया का सबसे अच्छा एजुकेशन सिस्टम देख कर आएं। क्योंकि हमें दिल्ली के एजुकेशन सिस्टम को भी दुनिया का सबसे बेहतरीन सिस्टम बनाना है। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

और भी बढ़ जाती है प्रधानाचार्यों की जिम्मेदारी -आतिशी

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आईआईएम से लौटे प्रिंसिपल अब एमसीडी के स्कूलों में शिक्षा क्रांति के ध्वजवाहक बनेंगे। उन्होंने कहा कि एमसीडी स्कूलों में गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते हैं, ऐसे में प्रिंसिपलों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। आईआईएम अहमदाबाद के दौरे से एमसीडी स्कूलों के प्रिंसिपलों ने जो सीखा है, उसका उपयोग वे एमसीडी स्कूलों को बेहतर बनाने में करेंगे और अपना 110 फीसदी देंगे। वहीं एमसीडी की मेयर शैली ओबराय ने कहा कि एमसीडी के स्कूलों में दिल्ली सरकार के मॉडल को लागू करने की जरूरत है। एमसीडी के स्कूलों को निजी स्कूलों से भी बेहतर बनाना है।

आईपीयू : 14 से शुरू होगा सीईटी आधारित कार्यक्रमों की काउंसलिंग का दौर

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के 11 संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी) आधारित प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया का दूसरा दौर 14 जुलाई से शुरु होने जा रहा है। काउंसलिंग में हिस्सा लेने के लिए 16 जुलाई तक आवेदन किया जा सकेगा।

इन प्रोग्राम के लिए आयोजित सीईटी के सफल आवेदक अब 16 जुलाई तक एक हजार रुपए की काउंसलिंग भागीदारी शुल्क जमा करा सकते हैं। इस दौर की काउंसलिंग का परिणाम 18 जुलाई को जारी किया जाएगा। जिन आवेदकों को पहले दौर की काउंसलिंग में कोई सीट आवंटित हो गई है, वे 13 जुलाई तक 60 हजार रुपये फीस जमा करा सकते हैं।

आवेदकों के पास सीट को फ्रीज और फ्लोट करने का अवसर भी 13 जुलाई तक होगा। जबकि आवंटित सीट निरस्त करने का अवसर 14 जुलाई तक होगा। इन प्रोग्राम की दाखिला प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट https://ipu.admissions.nic.in और https://ipu.ac.in से प्राप्त की जा सकती है। जिन प्रोग्राम के लिए दूसरे दौर की काउंसलिंग शुरू हो रही है उनमें बीएससी योग, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी एन्वायरनमेंट मैनेजमेंट, एमएड, एमएससी मेडिसिनल केमिस्ट्री एंड ड्रग डिजाइन, एमए अंग्रेजी, एमए अर्थशास्त्र आदि शामिल हैं। ब्यूरो

काउंसलिंग में हिस्सा लेने को 16 जुलाई तक ऑनलाइन किया जा सकेगा आवेदन

आरक्षित श्रेणी के आवेदक 14 जुलाई से 17 जुलाई तक दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन करा सकते हैं। इन सारे प्रोग्राम में विकल्प चयन की जरूरत नहीं है क्योंकि इन सभी प्रोग्राम के लिए एक-एक विकल्प ही उपलब्ध हैं। इसके साथ ही इन सभी प्रोग्राम के लिए एक-एक संस्थान ही उपलब्ध है।

अपनी Skin को हानिकारक कैमिकल्स नहीं आयुर्वेद की सुरक्षा दें

सिर्फ हल्दी, चंदन ही नहीं "रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम" में है एलोवेरा, द्राक्षा, तुलसी और मुलेठी जैसे अन्य 12 जड़ी बूटियों का अद्वितीय संतुलित मिश्रण, जो आपके चेहरे की त्वचा को भीतर से निखारने एवं चमकदार बनाने में अति सहायक है।

New Dr. Juneja's रूप मंत्रा Ayurvedic Face Cream & Face Washes

Helpful in protection from Pimples • Dull Skin Scars • Wrinkles

24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com

अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

NHM में कई पदों पर निकली भर्ती ■ 134 पद

रिहैबिलिटेशन कर्कर के पदों पर मौके

- **आयु-सीमा :** अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 43 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना 01 जनवरी, 2023 के अनुसार की जाएगी। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, निशक्तजन एवं महिला (अनारक्षित/आरक्षित) वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट नियमानुसार दी जाएगी।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 12वीं/संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन डिग्री/डिप्लोमा होना चाहिए। पात्रताओं से संबंधित जानकारी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन अवश्य देखें।
- **वेतनमान :** चयनित अभ्यर्थियों को रुपये 15,000 प्रतिमाह देय होंगे।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** खेप आवेदक 18 जुलाई, 2023 तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।
- **नियुक्ति की अवधि :** अभ्यर्थियों की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक के लिए होगी।

आवेदन का माध्यम : ऑनलाइन | https://www.nhmmp.gov.in

UPSC ने जारी किया विज्ञापन ■ 71 पद

लीगल ऑफिसर, साइंटिफिक ऑफिसर व अन्य पद खाली

- **आयु-सीमा :** आवेदकों की अधिकतम आयु पदानुसार 30/35/40/58 वर्ष निर्धारित है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट नियमानुसार दी जाएगी।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पदानुसार संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन/पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री/डिप्लोमा एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं व कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- **चयन-प्रक्रिया :** इन पदों पर सीधी भर्ती के लिए रिक्रूटमेंट टेस्ट/साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** उम्मीदवार 27 जुलाई, 2023 तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क : रुपये 25/- | https://www.upsc.gov.in

BECIL में अभ्यर्थी करें आवेदन ■ 250 पद

फील्ड असिस्टेंट के पद रिक्त

- **आयु-सीमा :** अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए।
- **वेतनमान :** चयनित अभ्यर्थियों को रुपये 22,744 प्रतिमाह देय होंगे।
- **चयन-प्रक्रिया :** शैक्षणिक योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया आदि के लिए बुलाया जाएगा। कौशल परीक्षा/साक्षात्कार आदि में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कोई टीए/डीए देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर होगी।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** उम्मीदवार 20 जुलाई, 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क : रुपये 885/- | https://www.becil.com

यहां भी हैं रोजगार के अवसर...

- **भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संबर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र :** उप-निदेशक, सहायक निदेशक के पदों पर निकली भर्ती।
  अंतिम तिथि : 07 अगस्त, 2023 ■ www.isro.gov.in
- **अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र :** वैज्ञानिक-बी, इंजीनियर-बी एवं तकनीशियन के पदों पर मौके।
  अंतिम तिथि : 28 जुलाई, 2023 ■ www.iuac.res.in

बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कॅरिअर...

कल्पना सैनी का सवाल-बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के बाद किन-किन क्षेत्रों में कॅरिअर बनाया जा सकता है?

बायोटेक्नोलॉजी में बीएससी डिग्री धारकों के लिए निजी और सार्वजनिक दोनों ही क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। आप रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट्स, फार्मास्युटिकल कंपनीज, ग्रवर्नमेंट लेबोरेटरीज आदि में साइंटिफिक असिस्टेंट, रिसर्च एनालिस्ट, प्रोसेस डेवलपमेंट टेक्नीशियन आदि के तौर पर कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र जैसे-बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड, ऑल इंडिया बायोटेक एसोसिएशन, राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी आदि संस्थान बायोटेक्नोलॉजी में बीएससी वालों के लिए भर्ती प्रक्रिया का आयोजन करते हैं। निजी क्षेत्रों में भी विभिन्न अनुसंधान फर्मों, खाद्य उत्पादन फर्मों, नैदानिक अनुसंधान फर्मों, प्रयोगशालाओं आदि में अवसर मौजूद हैं। पीएचडी करने के बाद आप अकादमिक क्षेत्रों में भी कॅरिअर बना सकते हैं।

Expert की राय

देवाशीष उपाध्याय कॅरिअर एक्सपर्ट

सुडोकू-अमर उजाला

NCERT स्पेशल

वस्तुनिष्ठ इतिहास

■ कक्षा 6 से 12 तक की एनसीईआरटी इतिहास की किताबों से तैयार प्रश्नोत्तरों का उत्कृष्ट संकलन

नोट : अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001211166 पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक कॉल करें।

ऑनलाइन खरीदने के लिए QR कोड को तुरंत स्कैन करें।

प्रतियोगी परीक्षाओं की उत्कृष्ट व प्रामाणिक पुस्तकें अब www.udaan.amarujala.com और अमेजन पर उपलब्ध।

जालिम लोशन + ग्रीन ऑइंटमेंट

की जोड़ी दिलाए दाद, खाज़, खुजली, एग्ज़िमा में तुरंत आराम

Scan the QR Code for Details

BUY ONLINE: www.zalimlotion.in | amazon | meesho | Flipkart | TATA 1mg

ANIL FEB.

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, बाराखंभा लेन, नई दिल्ली -110001

फोन: 011-23411411, फैक्स: 011-23472550, CIN:L74899DL1998PLC093073

ईमेल: investors@petronetlng.in, कंपनी की वेबसाइट: www.petroneting.in

PAN : AAACP8148D, GST : 07AAACP8148D1ZI

शेयरधारकों को नोटिस

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए भुगतान न किए गए/दावा न किए गए लाभांश और कंपनी के इक्विटी शेयरों का अनिवार्य हस्तांतरण जो निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष के लिए दावा न किए गए लाभांश से संबंधित है

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(5) के अनुसार, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और धनवापसी) नियम, 2016 (आईईपीएफ नियम, 2016) के अनुपालन में, कम्पनी को, जो लाभांश चकाया या दावा न किया गया हो, उसे अवैतनिक लाभांश खाते में स्थानांतरण की तारीख से सात साल की अवधि के उपरान्त, केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड (फंड) के क्रेडिट में डालना होगा।

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के अनुसार आईईपीएफ नियम, 2016 के साथ पठित, सभी शेयर, जिनके संबंध में लगातार सात वर्षों या उससे अधिक के लिए लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, को भी निवेशक शिक्षा और संरक्षण फंड खाता (आईईपीएफ खाता) में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

जिन शेयरधारकों का दावा न किया गया लाभांश और दावा न किए गए शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिए गए हैं, उनका विवरण कंपनी की वेबसाईट https://www.petronetlng.in पर उपलब्ध है और शेयरधारकों को समय-समय पर रिमाइंडर पत्र भी भेजे गए हैं, जिससे शेयरधारक दावा न किए गए लाभांश/दावा न किए गए शेयरों का दावा करें।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए लाभांश @ रु. 2.50 प्रति इक्विटी शेयर 21 सितंबर 2016 को घोषित किया गया था। कंपनी अधिनियम, 2013 के साथ पठित आईईपीएफ नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार, उपरोक्त लाभांश की अवैतनिक और दावा न की गई राशि वैधानिक समय सीमा के भीतर फंड में हस्तांतरण के लिए देय होगी। धारकों के संबंधित शेयर जिन्होंने लगातार सात वर्षों तक अपने लाभांश का नकदीकरण/दावा नहीं किया है, उन्हें भी आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित किया जाता है। दावा न किए गए/अवैतनिक लाभांश और संबंधित शेयरधारकों के शेयरों का विवरण कंपनी की वेबसाइट https://www.petronetlng.in पर अपलोड किया गया है।

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने अवैतनिक/दावा न किए गए लाभांश का दावा करें। यदि संबंधित शेयरधारकों द्वारा 25 अक्तूबर, 2023 तक लाभांश का दावा नहीं किया जाता है, तो कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए दावा न किए गए लाभांश को आईईपीएफ को ऊपर बताई गई वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। संबंधित शेयरों को भी निम्नलिखित तरीके से आईईपीएफ में स्थानांतरित किया जाएगा:

यदि शेयर धारित हैं:

- भौतिक रूप में - नया शेयर प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा और आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने पर आईईपीएफ के पक्ष में स्थानांतरित किया जाएगा। इसलिए, मूल शेयर प्रमाणपत्र जो शेयरधारकों के नाम पर पंजीकृत हैं, उन्हें रद्द और गैर-परक्राम्य माना जाएगा।
- डीमैट रूप में - कंपनी डिपॉजिटरी के माध्यम से आईईपीएफ प्राधिकरण को कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से शेयरों को हस्तांतरित करेगी।

शेयरधारक यह भी नोट करें कि आईईपीएफ नियम, 2016 के अनुसार, आईईपीएफ को शेयरों के हस्तांतरण के उद्देश्य से, कंपनी द्वारा अपनी वेबसाईट https://www.petronetlng.in पर अपलोड किए गए संबंधित शेयरधारक (शेयरधारकों) के दावा न किए गए लाभांश और शेयरों का विवरण नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में पर्याप्त नोटिस के रूप में माना जाएगा।

शेयरधारक ध्यान दें कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) और आईईपीएफ नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसार; शेयरधारकों द्वारा धारित शेयरों और दावा न किए गए लाभांश के आईईपीएफ को हस्तांतरण की स्थिति में, शेयरधारक वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म आईईपीएफ-5 में एक ऑनलाइन आवेदन जमा करके आईईपीएफ से दावा करने के हकदार हैं। दावे के सत्यापन के लिए इसे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अपेक्षित दस्तावेजों के साथ विधिवत हस्ताक्षरित करके भेजें।

यदि आपके पास कोई प्रश्न है या निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण से लाभांश की धनवापसी/शेयरों का दावा करने की असुविधा से बचने के लिए, जिन शेयरधारकों ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के लाभांश से संबंधित चार्टर प्राप्त/दावा/नकद नहीं किया है, वे हमारे रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) यानी श्री राजेश मिश्रा, मै. विगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय नं. एस6-2, छवीं तल पॉइनेक्कल बिजनैस पार्क, अहूरा सेंटर से अगला, महाकाली केज्वा रोड अंधेरी (ई.), मुंबई-400093, टेली. 022-62638200, 011-42425004, 011-47565852, फैक्स: 022-62638280, ईमेल: investor@bigshareonline.com या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर अपने दावे दर्ज करा सकते हैं।

तत्काल संदर्भ के लिए, आईईपीएफ प्राधिकरण से शेयरों/लाभांश का दावा करने की प्रक्रिया और वैधानिक प्रावधान कंपनी की वेबसाइट www.petronetlng.in के निवेशक अनुभाग के तहत उपलब्ध हैं।

कृते पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड

स्थान : नई दिल्ली | (राजन कपूर)

दिनांक : 12 जुलाई, 2023 | कंपनी सचिव

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत

मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	82230335B	बीसल में सिरप लेक्टुलोज 667mg प्रति 5mL	48471	11-08-2023

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 82230335B/MED/PART-1 दिनांक 12.07.2023 | 2136/2023

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

समाचारों की सेवा में गुरुग्राम के साथ

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)

IN THE COURT OF MS. KAVERI BAWEJA, LD. DJ COMMERCIAL COURT - 07 (CENTRAL), ROOM NO. 209, THC, DELHI

NEXT DATE OF HEARING : 14-07-2023

CS (COMM) NO. 177/2023

ICICI BANK LIMITED ...PLAINTIFF

VS

HARINDER PRATAP SINGH ...DEFENDANT

To,
HARENDRA PRATAP SINGH
S/O SURESH PAL SINGH
R/O FLAT NO. 201, TOWER-5,
EXOTICA DREAMVILLE
GAUTAM BUDHA NAGAR
GREATER NOIDA, UP- 201301
ALSO AT :
SHRESHREY CARO SERVICES PVT LTD, B-20, SECTOR-63
NOIDA- 201301
MOBILE.NO.
EMAIL.

THE DEFENDANT ABOVE NAMED. WHEREAS You are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **14-07-2023** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **17-05-2023.**

District Judge
Commercial Court-07, (Central)
Tis Hazari Courts, Delhi

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)

IN THE COURT OF MS. KAVERI BAWEJA, LD. DJ COMMERCIAL COURT - 07 (CENTRAL), ROOM NO. 209, THC, DELHI

NEXT DATE OF HEARING : 22-09-2023

CS (COMM) NO. 297/2022

ICICI BANK LIMITED ...PLAINTIFF

VS

MAYANK BHARDWAJ ...DEFENDANT

To,
MAYANK BHARDWAJ
S/O. DINESH BHARDWAJ
B-64, GAGAN ENCLAVE AMRIT NAGAR, GHAZIABD UP- 201001
ALSO AT :
IRON SYSTEMS INDIA PVT. LTD.
C-BLOCK, PHASE-2, 56A/13, 4TH FLOOR, INDUSTRIAL AREA, SEC-62, NOIDA, UP-201309
MOBILE NO.
EMAIL.

THE DEFENDANT ABOVE NAMED. WHEREAS You are intentionally evading service of summons, it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **22-09-2023** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **08-07-2023.**

District Judge
Commercial Court-07, (Central)
Tis Hazari Courts, Delhi